**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने पिलाई बच्चों को दो बूंद जिंदगी की

**मण्डला।** रपटाघाट में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिडाना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित नही रहना चाहिए। जो बच्चे किसी कारणवश केन्द्र तक नहीं जा पा रहे हैं उन्हें घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाए। कलेक्टर ने बच्चों के अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे आगे आकर अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलाएं। पल्सपोलियो अभियान 23 जून से 25 जून 2024 तक चलेगा जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

## तीन दिन जारी रहेगा पल्स पोलियो अभियान

**भुआबिछिया।** आज से तीन दिन तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान दो बूंद जिंदगी की राज्य के 27 हजार 371 बूथ पर पिलाई जाएगी। अभियान में रविवार को 0 से 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई गई। पहले दिन पल्स पोलियो की दवाई से वंचित रहने वाले बच्चों को अगले दिन 24 एवं 25 जून को घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की 198 टीम द्वारा 2000 बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। विकास खंड में 48 बी एवं 198 सी बूथ बनाए गए हैं। दो हजार बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। बीएमओ डॉ सज्जन सिंह ने बताया विकास खंड के 198 बूथ में 0-5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियों की दवा पिलाने 8 ट्रांजिट टीम विशेष क्षैत्रो में ड्राप अभियान के लिए टीम गठित की गई। हाईरिस्क एरिया के लिए 8 माइग्रेटरी क्षैत्र 5 मोबाइल टीम कार्यरत हैं।

### परंपराओं में प्रतिस्पर्धा के चलते कर्ज में दब रहा गरीब तबका

# पंरपरागत होगा मृत्युभोज, डीजे पर प्रतिबंध

*** नारायणगंज के चटरा डुंगरिया में बैठी पंचायत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



भारतीय आम नागरिक देश संघर्ष युवा संगठन ने ग्राम चटरा डुंगरिया के लोगों से चर्चा करते हुए सभी से सुझाव लिए, जिसमें मृत्यु भोज में पुरानी परंपरा अनुसार भोजन कराना और शादी विवाह में डीजे साउंड को पूर्णतः प्रतिबंधित करने पर विचार विमर्श किया गया। दुर्गेश सिंगरौरे ने ग्राम की बैठक में कहां कि हमेशा से सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार होता आ रहा है, लेकिन इस बार हम ग्राम चटरा डुंगरिया में मृत्यु भोज और शादी में डीजे साउंड प्रतिबंध को लेकर बात करेंगे। आज के आधुनिक समाज में शादी, विवाह में डीजे की परंपरा आम हो गई है, हम अपनी पुरानी पंरपराओं को पीछे छोड़ते जा रहे है। पहले डीजे साउंड की परंपरा चलन में नहीं थी, यह चलन आधुनिक है, जिसके कारण गरीब तबके का समाज कर्ज के बोझ में दब जाता है। आधुनिक परंपराओं का निर्वहन करने के कारण लोगों को कर्ज लेने मजबूर होना पड़ता है। डीजे के चलन से कई बार सामाजिक कार्यक्रमों में विवाद की स्थिति भी बनती है।

ग्रामीणों को बताया कि शादी दो परिवारों को जोडऩे के साथ दो लोगों को अपने जीवन साथी चुनने की एक सामाजिक पंरपरा है। यह परंपरा हमारे पूर्वजों द्वारा बनाई गई है। जिसमें डीजे साउंड का कोई स्थान नहीं है। यह चलन सामाजिक कार्यक्रम के लिए एक खर्चीला है। जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार पर बोझ बढ़ाता है। आधुनिकता की चढ़ी परत के कारण समाज का एक छोटा वर्ग दिखावा और प्रतिस्पर्धा के कारण अपनी पंरपराओं के निर्वाहन को पूरा करने कर्ज में दबता जा रहा है। समाज का मतलब पिछड़े, शोषित और वंचित वर्ग को मूलधारा से जोडऩा है। पूर्वजों ने संस्कृति और अपनी सभ्यता को विरासत के रूप में सहजने के लिए एक समाज का निर्माण किया। समाज ने सामाजिक कार्य के लिए कुछ नियम बनाए, जिससे पुरातन संस्कृति और सभ्यता बनी रहे, लेकिन अब इन पर आधुनिकता की छाप चढ़ गई है। सामाजिक कार्यो में आधुनिकता की परत से पूर्वजों की विरासत खत्म होने की कगार पर है। जिसे सहजकर रखना हम सभी युवाओं की जिम्मेदारी है।

संगठन के हेमराज पंद्रो ने दशगात्र की परंपरा पर अपनी बात रखते हुए कहां कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उस व्यक्ति की आत्म शांति और दुखी परिवार के इस दुख घड़ी में उसके साथ खड़े होकर दुख प्रगट करने की परंपरा है। ऐसे मौके पर उस परिवार का साथ देना समाज का कर्तव्य है। जिसके एक पूर्वजों ने दशगात्र की परंपरा बनाई थी, दशगात्र के दिन बना भोजन उस मृत आत्मा के प्रति भाव को प्रकट करता था लेकिन आज इस परपंरा पर भी आधुनिकता हाबी हो गई है। अब दशगात्र का मृत्यु भोज भी होटल के मेन्यू कार्ड की तरह हो गया है। आज सामाजिक दशगात्र कार्यक्रम में भी शादी, विवाह समेत अन्य सामाजिक कार्यक्रम जैसे भोज कराया जाने लगा है। पुरानी परंपराए समाप्त होते जा रही है। दशगात्र के मृत्यु भोज में भी आधुनिकता ने अपनी जगह बना ली है। जिसके कारण आज समाज का एक मध्यम व छोटे वर्ग के लोग इस दशगात्र जैसी परंपरा को बनाए रखने के लिए कर्ज लेने मजबूर है। जिस पर विचार करते हुए युवा संगठन के युवाओं ने नारायणगंज के ग्राम चटरा डुंगरिया में मृत्यु भोज पर पुरानी परंपरा अनुसार भोजन कराने की बात पूरे गांव के समाज के सामने रखी। जिस पर सभी ने सहमति दी। इसके साथ ही युवाओं ने कहां कि आगे हम प्रयास करेंगे कि दशगात्र की परंपरा का बहिष्कार करते हुए समाज के बीच उदाहरण पेश कर मृत्यु भोज को पूर्णतः बंद कराया जाएगा।

### उच्च शिक्षा से आधुनिक कुरीतियों का अंत

संगठन के दुर्गेश उइके ने कहां कि हमारे समाज में अनेक कुरीतियां व्याप्त है। जिसके अंत से ही आने वाले पीढ़ी का भविष्य संवर सकता है। दुर्गेश ने कहां कि हमारे समाज में चल रही चोक प्रथा भी आधुनिक कुरीतियों की गिरफ्त में आ गई है। इस प्रथा में भी हम अपने बच्चों का चोक कार्यक्रम आयोजित करते है। जिसमें भी खूब रूपए खर्च किया जाता है। यदि चौक बरसा कार्यक्रम को साधारण रूप से मनाकर उसमें खर्च होने वाले पैसों से बच्चों का भविष्य भी संवार सकते है। यदि समाज बच्चों की खुशी में खर्च करने की जगह बच्चो को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद कराने लगेगा तो, हमारा समाज इस आधुनिक कुरीतियों का अंत कर सकता है।

### गांव में बनाए नियम, दण्ड का भी प्रावधान लागू

नारायणगंज चटरा डुंगरिया गांव के पंच, मुकदम, दीवान और बुद्धिजीवियों ने कुछ सामाजिक नियम अब बना लिए है। गांव के मुखिया और पंचों ने युवाओं की बात समझ और सुना कर पूरा गांव सर्वसम्मति से इस नियम पर सहमति दे दी है। पूरे गांव के लिए बनाए गए नियम में कहां गया है कि गांव में होने वाले वैवाहिक समारोह बारात में डीजे साउंड पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। गांव में होने वाली शादी बिना डीजे साउंड के ही संपन्न होगी। इसके साथ ही दशगात्र जैसे समाजिक कार्यक्रम में मृत्यु भोज को पारंपरिक तरीके से कराया जाएगा, जैसे बुजूर्ग इस परंपरा को निर्वाहन करते आ रहे थे। मृत्यु भोज में सिर्फ दाल, चांवल और कड़ी ही बनाया जाएगा। इस नियम के लिए ग्राम का अमीर, गरीब सभी तबके के लोगों पर लागू होगा। बनाए गए इस सामाजिक नियम के विरूद्ध जाने वालों पर आर्थिक दण्ड का भी प्रावधान बनाया गया है। जिस पर भी सर्वसम्मति से सहमति दी गई है। नियमों का उल्लघंन करने वालों पर पांच हजार रूपए का दण्ड लगाया जाएगा।

# दण्ड ऐसा मिले कि कोई ऐसा अपराध करने की ना सोचे

*** 25 जून को मण्डला रहेगा बंद, स्वेच्छा से सभी ने दी सहमति।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिला सिवनी में गौ माता की निर्मम हत्या के विरोध में मंडला के सर्व हिंदू समाज ने एकजुट होकर श्रीराम मंदिर पड़ाव एवं सराफा में आयोजित बैठक में सर्व सहमति से 25 जून को मंडला को पूर्ण बंद किए जाने के लिए आव्हान किया है। आम जनमानस के लिए अति आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठान खुले रहेंगे। बैठक में उपस्थित विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों एवं व्यापारियों ने मंडला को पूर्ण बंद किए जाने के लिए स्वैच्छिक समर्थन किया। जिला सिवनी में हुई गो हत्या के अपराधियों को मृत्यु दंड देने के साथ दोबारा कहीं भी ऐसी घटना न हो, ऐसे कुकृत्य पर पूर्ण अंकुश लगे कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिला प्रशासन को भी अवगत कराया।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने भी मध्यप्रदेश में गौवंश की तस्करी, गौ मांस का व्यापार और गौ वंश की हत्या करने वालों के खिलाफ त्वरित कठोर कार्यवाही किए जाने की बात की। हिंदू धर्म में प्राचीन काल से ही गाय को गौ माता का दर्जा दिया है। गाय से सबकी धार्मिक भावनाएं जुड़ी हुई हैं। धार्मिक ग्रंथ और वेदों में भी गाय पूज्यनीय है, इसका उल्लेख है। इसलिए ऐसे दोषियों पर त्वरित रासुका की कार्यवाही करते हुए मृत्यु दंड दिए जाने की सबने बात की। इन अपराधियों के घर को बुल्डोजर से तुरंत तोड़ा जाए साथ ही इनके सहयोगी साथियों और उनके परिवार को भी शासन की समस्त योजनाओं के लाभ से वंचित कर ऐसी सख्त कार्यवाही करने का निवेदन किया है। सबका एक ही कहना दंड ऐसा मिले कि दोबारा ऐसा अपराध करने की कभी कोई सोच भी न पाए, तब ही अपराध पर पूर्ण अंकुश लग सकता है।

सनातन धर्म हिंदू संगठन ने एकमत निर्णय लेते हुए प्रशासन को बताया कि अपनी इच्छा से प्रतिष्ठान को बंद किए जाने के लिए व्यापारियों से सिर्फ निवेदन किया है। विगत दिनों मंडला के भेंसवाही में एसपी मंडला के नेतृत्व में मंडला पुलिस प्रशासन की सकारात्मक और गौरवपूर्ण कार्यवाही की सबने तारीफ की और इसी दिन एसपी कार्यालय जाकर पुलिस प्रशासन को सम्मान पत्र के साथ सम्मानित किए जाने की इच्छा जाहिर की और मंडला नगर के सभी सहयोगी 3 बजे बड़ चौराहा से पैदल कलेक्ट्रेट जाकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपना संदेश देंगे कि मंडला जिला एक धार्मिक नगरी है। पूरे जिले में गौवंश की हत्या, गौवंश की तस्करी, गौ मांस का विक्रय, गौ मांस को खाना सभी जघन्य अपराध की श्रेणी के अंतर्गत माना जाता है। इस मंडला धार्मिक नगरी में भविष्य में कभी भी ऐसा न हो। प्रशासन हमेशा सक्रिय रहकर कार्यवाही करे वरना समूचा हिंदू समाज उग्र आंदोलन करेगा। बैठक में उपस्थित सभी ने ज्ञापन के माध्यम से मंडला में गौ माता चौक बनाए जाने, गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने की बात रखी।

# गौवंश मामले में फरार ईनामी 2 आरोपी गिरफ्तार

*** थाना नैनपुर पुलिस की गठित टीम की कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

पुलिस अधीक्षक मडंला रजत सकलेचा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मडंला अमित वर्मा व एसडीओपी नेहा पच्चिसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा के द्वारा गठित टीम ने फरार चल रहे आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान दो आरोपियों की जानकारी पुलिस टीम को लगी। जिसमें आरोपी आजम कुरैशी पिता अब्दुल समद कुरैशी 54 साल निवासी ग्राम भैसवांही थाना नैनपुर व आरोपी आसीम कुरैशी पिता जलील कुरैशी 42 वर्ष निवासी ग्राम भैंसवाही थाना नैनपुर मडंला के फरार होकर अपने रिश्तेदारी में बहैर जिला बालाघाट मे होने की सूचना मिली।



बताया गया कि आरोपियों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर हमराह स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर दबिश देकर तलाशी ली गई। जहां आरोपी आजम कुरैशी मौजूद मिला एवं आरोपी आसीम कुरैशी पुलिस के आने की सूचना मिलने पर मौके से फरार हो गया, जो आरोपी आसीम कुरैशी के रिश्तेदार के घर आरोपी की पत्नि व बच्चें मिलें, जिनसे पूछने पर बताया गया कि 19 को भैसंवाही से बैहर आया था लेकिन आज सुबह ही भैंसवाही जाने का कह कर गए है।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी आसीम कुरैशी अपने पिता के घर ग्राम भैंसवाही में देखा गया है, जो पुलिस बल द्वारा ग्राम भैंसवाही में दबिश दी। आरोपी आसीम कुरैशी पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़कर हिरासत में लिया गया। आरोपी आजम कुरैशी एवं आरोपी आसीम कुरैशी के पूर्व के आपराधिक रिकार्ड खंगाले गये जो दोनो आरोपी के विरुद्ध पूर्व में गौ वंश अधिनियम के अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी आजम कुरैशी एवं आरोपी आसीम कुरैशी को गिरफ्तार कर न्यायालय मंडला पेश किया गया।

### आरोपियो के पूर्व में भी है आपराधिक रिकार्ड

गौवंश वध में फरार चल रहे आरोपी आसीम कुरैशी के विरुद्ध 6 अपराध मारपीट, 2 अपराध गौ वंश वध प्रतिषेध अधिनियम संबंधी पंजीबद्ध है एवं 4 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही आरोपी आजम कुरैशी के विरुद्ध थाना घंसौर जिला सिवनी में गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध है।

# गांधी गेट देर रात जमींदोज

*** 1998 में जनपद पंचायत ने कराया था निर्माण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



नगर के हृदय स्थल पर बस स्टैंड, बाजार स्थल के प्रवेश द्वार जिसे जनपद पंचायत बिछिया ने बर्ष 1998 में निर्माण कराया था। कल रात धराशाई हो गया। अत्यंत जर्जर हो चुके और राष्ट्रीय राजमार्ग से लगें होने अनैक बार मार्ग निर्माण होने से मार्ग की उंचाई बढ़ जाने से बस ट्रक गांधी द्वार से टकराते थे और जर्जर हालत में आ गया था। लगभग 26 वर्ष पूर्व निर्मित गांधी द्वार के पुनर्निर्माण की जन मांग पर स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने से गांधी द्वार स्वतः जमींदोज हो गया। संजोग यह था कि गांधी गेट देर रात्रि में गिरा, यही घटना दिन में घटित होती तों हादसे में कितने काल कवलित होते इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता था।

गांधी गेट के गिर जाने से बस स्टैंड, बाजार, मंडी जाने वाला मार्ग 12 रात से सुबह 10 बजे तक बंद रहा। नगर परिषद द्वारा मलवा किनारे करने पर मार्ग पुनः चालू हो सका।

**समाजसेवा** | **एयर एम्बुलेंस से मवई लाया गया मृतक का शव।**

# केरल में हुई थी युवक की संदेहास्पद मौत

*** सांसद के प्रयासों से हुआ संभव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला





केरल राज्य के ऊड़की जिले के राजकोट में बिल्डिंग निर्माण कार्य में मिस्त्री का काम करने वाले मवई निवासी सुशील धुर्वे की संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गई, इस घटना की सूचना क्षेत्र के नागरिकों ने मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते को दी ,श्री कुलस्ते ने केरल सरकार से तत्काल संपर्क कर उडकी जिला कलेक्टर तथा एसपी से घटना के संबंध में चर्चा कर राजकट में हुई सुशील धुर्वे की संदेहास्पद मौत के मामले में एफआईआर कर जांच के आदेश दिए। सांसद श्री कुलस्ते ने अपने निजी प्रयास से केरल से एयर एंबुलेंस के द्वारा मृतक का शव रायपुर एयरपोर्ट लाया गया, रायपुर एयरपोर्ट से एंबुलेंस के द्वारा मवई जनपद के ग्राम मैनपुरी ग्राम पंचायत कोलम गहन तक पहुंचाकर मृतक सुशील का शव उनके परिवार जनों को सौंपा गया।

भाजपा जिला महामंत्री नीरज मरकाम ने इस घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की सुशील धुर्वे पिता सोनू लाल धुर्वे उम्र 45 वर्ष मैनपुरी कोल्लम गहन पंचायत का निवासी है उसके तीन बच्चे हैं। पिछले कुछ वर्षों से एक ठेकेदार के माध्यम से केरल मजदूरी के लिए जाता था वहां बिल्डिंग में राजमिस्त्री के रूप में काम करता था, मृतक सुशील धुर्वे की पत्नी को संदेह है कि उसके पति की हत्या की गई क्यों कि घटना के पूर्व उसके पति ने फोन पर बात की थी, उसके ठीक बाद किसी व्यक्ति ने फोन से ही उसकी मृत्यु की सूचना दी, भाजपा महामंत्री श्री मरकाम ने बताया कि मृतक सुशील धुर्वे का परिवार बहुत गरीब परिस्थिति का है, सांसद श्री कुलस्ते के प्रयास के कारण मृतक का शव केरल से हवाई जहाज से पहुंचा गया। और केरल में घटना की जांच की जा रही है मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक के शरीर में चोट के निशान हैं संदेह है कि उसकी हत्या की गई है।

# शहीद महेश यादव के नाम निर्मित बाल उद्यान का हुआ लोकार्पण

*** पुलिस लाईन स्थित पुलिस बाल उद्यान का आईजी ने किया उद्घाटन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



पुलिस लाईन मण्डला में शहीद महेश यादव की स्मृति में निर्मित बाल उद्यान का लोकार्पण आज दिनांक 23.06.2024 को पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट झोन बालाघाट संजय कुमार, शहीद महेश यादव की पत्नी श्रीमती माधुरी यादव द्वारा पुलिस अधीक्षक मंडला, रजत सकलेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मण्डला, डां अमित वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारिगणों द्वारा बताया गया की बच्चों के स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए दैनिक जीवन में खेलकूद एवं मनोरंजन का बड़ा महत्व हैं जिससे न केवल बच्चों का शारिरिक विकास होता है अपितु मानसिक व सामाजिक विकास भी होता है। बाल उद्यान के निर्माण से पुलिस परिवार के बच्चों को निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा। पुलिस अधीक्षक मण्डला के निर्देशन में शहीद महेश यादव की स्मृति में इस उद्यान को पुलिस लाइन मण्डला के प्रांगण में सुलभ पहुँच व बीचों बीच निर्मित कराया गया। जहाँ पर बच्चों के लिए पर्याप्त खेलकूद की व्यवस्था भी की गयी हैं। आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा उद्यान में वृक्षारोपण भी किया गया। पुलिस लाइन मण्डला में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी मण्डला, रक्षित निरीक्षक मण्डला, सुबेदार, पुलिसकर्मी व पुलिस परिवार के परिवार के सदस्य व बच्चें उपस्थित रहें।

**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास बिछिया जिला मंडला**

क्रमांक/बा/छा/2024/80 — दिनांक - 23/06/2024

**निविदा सूचना**

राष्ट्रिय माध्यमिक शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास बिछिया में निवासरत बालिकाओं के भोजन व्यवस्था, स्वच्छता, स्टेशनरी एवं मेडिकल सुविधा हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। आवश्यकतानुसार सामग्री की सूची एवं शर्त निविदा फार्म के साथ प्राप्त की जा सकती है निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि 26/06/2024 को 4 बजे तक एवं दिनांक 27/06/2024 को प्रात: 11 :30 बजे तक जमा की जा सकेगी। प्राप्त निविदाएं दिनांक 29/06/2024 को 3 बजे समिति के समक्ष खोले जाएंगे। शर्ते- यदि राज्य कार्यालय के द्वारा टेंडर दिया जाता है तो यह निविदा स्वत: ही समाप्त हो जाएगी।

प्राचार्य / आहरण संवितरण अधिकारी
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
छात्रावास बिछिया जिला मंडला

## खबर संक्षेप

### मच्छरों की भरमार से फैलने लगी बीमारियॉं

**गाडरवारा।** भले ही मौसम विभाग द्वारा आये दिन बारिश होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मगर बारिश शुरू नही होने से पूर्व की तरह मौसम विभाग की सूचना फैल होते हुये देखी जा रही है तो दूसेरी ओर इन दिनों उमस भरी गर्मी के तीखे तेवर दिखाने के दौरान भी शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है, जिसका परिणाम है कि मच्छरो की पैदाईश में लगातार ईजाफा हो रहा है और मच्छरो की फौज मानव स्वास्थ्य पर हमला बोल रही है। शहर के चिकित्सकों की मानें तो शहर में मच्छरों की भरमार होने के कारण वैक्टीरिया पनपने से पीलिया, वायरल फीवर के मरीज बढ़ रहे है और इस वैक्टीरिया को और अधिक बढ़ानें में गंदगी फैलाने वाले आवारा सूकर, कूकर, जानवर योगदान दे रहे है। क्योंकि चल रहा जून माह जहां मच्छर जानित बीमारियो को फैलाने वाला महिना माना जाता है। वैसे भी देखा जावे तो आषाढ़ माह को किरहा माह कहा जाता है इस स्थिति में इस माह साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत रहती है। इसलिये नगर पालिका प्रशासन को सभी वार्डो की नालियों में विशेष साफ सफाई अभियान चलाते हुये कीट नाशक दबाईयों का छिड़काव करना चाहिये। क्योंकि गर्मी के प्रचंड दिनो में ही अजीब तरह की बीमारियॉं फैलती है और शासकीय, निजी अस्पतालो की शरण में जाने वाले मरीजो का प्रतिशत बढ़ जाता है, जिसके चलते नगरवासियो ने नपा. एवं स्वास्थ्य विभाग से कीटनाशकों का छिड़काव करा और फागिंग मशीन चलवाकर कई तरह की बीमारियो के जनक मच्छरो के विनाश की गुहार लगायी है।

### सड़कों पर घूम रहे आवारा जानवरों से दुर्घटनाओं की बढ़ रही संभावनाएं

**गाडरवारा।** शहर में चहुॅओर आवारा जानवरो के जमावड़े धमा चौकड़ी खबरे लगातार अखबारों की सुर्खियो में बने रहने के बाद भी नगर में अभी तक उन्मुक्त घूमने वाले बिना धनीधोरी के जानवरो के विचरण की समस्या हल नहीं हुई है, पूर्व में नपा. ने आवारा जानवरो के नियंत्रण के लिए हाका गैंग बनाकर पशु पालको को अपने पशु घर पर रखने की चेतावनी भी दी थी। किन्तु कथित तौर पर नपा. के आवारा जानवरों के नगर में विचरण की रोक के प्रयास बेअसर साबित हुए और इन दिनों हालत यह है कि आवारा जानवरों व पशुओं का आतंक चरम पर पहुॅच रहा है। बताया जाता है कि शक्कर नदी पुल, शुक्रवारा बाजार, थाना, कचहरी के प्रांगण, शालाओं के इर्दगिर्द, पानी की टंकी के पास के सब्जी बाजार, नगर की मुख्य सड़को पर रात दिन आवारा जानवरों की मौजूदगी से कई बार जाम लगने के हालात बन जाते है और यातायात बाधित हो जाता है, आटो, दो पहिया वाहन चालको ने बताया कि ठंड की रातो के समय सड़को पर जब अॅहधेरा छाया रहता है ।

### कहीं कुत्तों से न फैल जाए बीमारी

**गाडरवारा।** इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान पड़ रहे है, इससे गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है। वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तों से अन्य कुत्तें तो चपेट में आ ही रहे है बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका है? यूं फैलती है बीमारी-आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है, पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है। लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है, प्रदूषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। इंसानों को भी खतरा-पशु चिकित्साकों के अनुसार खुजली से पीड़ति कुत्तें बीमारी से परेशान होकर इधर उधर तेजी से घूमतें है, जिससे पास से निकलने वाले लोगों को भी इनके कीटाणु फैलतें है, बच्चों को अधिक सावधानी रखनी चाहिए।

# मादक पदार्थों के तस्करों को पुलिस पकड़ने में हुई सफल

## तीन युवकों के पास से पुलिस ने मोटर साईकिल सहित जप्त किया स्मैक पावडर







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

निश्चित तौर से जब किसी अन्य दूसरे क्षेत्र में रहने वाले किसी अवैध कृत्यों के लिप्त आरोपियों को जब दूसरे थाने की पुलिस पकड़ने में सफल होती है तो वहां की पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में आने से नही चूक पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस उस समय देखने मिली जब वाहन चैकिंग के दौरान गाडरवारा पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगने के साथ साथ सांईखेड़ा निवासी तीन युवकों को मादक पदार्थ के साथ पकडने से निश्चित ही सांईखेड़ा पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में आने से नही चूक पाई है? क्योंकि जो कार्य सांईखेड़ा पुलिस को करना चाहिये था वह कार्य गाडरवारा पुलिस ने करते हुये सांईखेड़ा पुलिस को आईना दिखाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है? जिस तरह इन युवकों के पास से पुलिस द्वारा मादक पदार्थ स्मैक पावडर जप्त किया गया है तो इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सांईखेड़ा क्षेत्र में भी मादक पदार्थो का अवैध कारोबार अपनी जडे जमा चुका है और वह आरोपी अब नगर के साथ साथ क्षेत्र में विक्रय करते हुये देखे जाने लगे है। जिसकी सच्चाई गाडरवारा पुलिस द्वारा उजागर करते हुये सांईखेड़ा पुलिस को आईना दिखाते कटघरे में खड़ा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है? खैर सच्चाई भी हो मगर गाडरवारा पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ तीन आरोपियों को पकड़ते हुये उनके पास से मोटर साईकिल सहित स्मैक पावडर जप्त किया गया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के परिप्रेक्ष्य में नशामुक्ति जनजागृति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया के मार्गदर्शन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में मादक पदार्थो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में बीते हुये 22 जून को नगर से कामती की ओर जाने वाले मार्ग शनि मंदिर के पास गाडरवारा पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग की जा रही थी तो सामने से आ रही एक बजाज पल्सर मोटर साईकल क्र.MP49ZB1727 से तीन युवक सवार होकर आ रहे थें। मगर वह वहां पर पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगे तो पुलिस को इन युवकों पर संदेह होने की स्थिति में इनकी घेराबंदी करते हुये पकड़कर जब पूछताछ की गई तो इन युवकों ने अपना नाम यशपाल कुशवाहा पिता अंतराम कुशवाहा उम्र 34 वर्ष निवासी खिरका मोहल्ला साईखेड़ा व दूसरे ने संदीप कुशवाहा पिता टीकाराम कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी खिरका मोहल्ला साईखेड़ा तथा तीसरे युवक ने अपना नाम अरविंद नौरिया पिता मेहरबान नौरिया उम्र 32 वर्ष निवासी शांति नगर साईखेड़ा बताया गया। वही पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने के संबंध में जब पुलिस द्वारा इन लोगों से पूछा गया तो किसी रह संतोष जनक जबाव नही देने के चलते पुलिस का संदेह और गहरा गया और जब पुलिस द्वारा इन लोगों की तलाशी ली गई तो इनके पास से 6 ग्राम स्मैक पावडर मिलने के चलते पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों के पास से मादक पदार्थ स्मैक पावडर सहित बजाज पल्सर मोटर साईकल क्र.MP49ZB1727 को जप्त करते हुये एनडीपीएस एक्ट तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वही पुलिस ने अपने खुलासे में बताया कि आरोपियों के पास से जप्त की गई स्मैक सहित मोटर साईकिल की अनुमानितकीमत 1 लाख 25 हजार 270 रूपया से अधिक आंकी जा रही है। वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपियों के माध्यम से इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार यह इतनी मात्रा में इस मादक पदार्थ कहा से लाये गये थें और किसको विक्रय करने की जुगाड में जा रहे थें। वही इस तरह मादक पदार्थ के साथ आरोपियों को पकड़ने में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे, प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, रामगोपाल सिंह राजपूत आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, चेतन, अखिलेश पटेल, बालकिशन रघुवंशी बल्लू, दिनेश पटेल, ऐश्वर्य वेंकट, सुजीत बागरी, हरिशंकर, मोहन चौरे, उत्तम उचाड़िया, महिला आरक्षक कुमुद पाठक की अहिम भूमिका रही है।

## सालीचौका क्षेत्र के अनेक गांवों में बिक रहे है मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से युवा पीढ़ी हो रही बर्बाद

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नशे के सौदागरों नें गांव गांव अपना जाल बिछा रखा है। जिसका परिणाम है कि युवा पीढ़ी नशे कें गिरप्त में जकड़ती जा रही है। इस ओर प्रशासन की नजर नही जा पा रही है। बताया जाता है कि समीपस्थ सालीचौका क्षेत्र के अंतर्गत अनेक गांवों में प्रति माह लाखों रूपयें कें अवैध गांजा की बिक्री होने की चर्चाये आम बात हो चुकी है? वही दूसरी ओर शराब के ठेकेदाराओं द्वारा अघोषित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जहां तक अपने शराब विक्रय करनें लिये बनाये गये एजेन्टों में माध्यम से खुलेआम मनमाने दामों पर शराब की विक्री कराने से नही चूक रहे है? इस तरह शराब ठेकेदारों की मनमानी के चलते जहां एक ओर लोगों का खुलेआम आर्थिक शोषण किया जा रहा है तो दूसरी ओर क्षेत्र में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के चलते क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग होने से भी नही चूक पा रही है। जबकि नियम के अनुसार जब किसी शहर व कस्बे में शराब का ठेका संचालित होता है तो वहां पर शराब के विक्रय करने की रेट लिस्ट चस्पा होती है तो दूसरी ओर शराब दुकान खोलने व बंद करने का समय भी निर्धारित होता है। मगर यहां पर शराब ठेकेदारों की मनमानी के चलते जहां निर्धारित रेट से भी अधिक दामों पर शराब विक्रय होते हुये देखी जा रही है और दूसरी ओर देर रात तक शराब दुकाने खुली हुई दिखाई देने से पुलिस प्रशासन की उदासीनता को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है? सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार यहां की पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता कही जावे या फिर मिली भगत का परिणाम जिसके चलते क्षेत्र में मादक पदार्थो का खुलेआम अवैध धंधा चलने से नही रूप पा रहा है? शराब के साथ साथ गांजा बिक्री का यह हाल है कि क्षेत्र कें अनेक गांव में सुलभता से मिल सकता है,अंचल के अनेक गांवों में अवैध कच्ची महुआ की शराब व गांजा का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। कुछ स्थानों पर तो लम्बे अर्से से अवैध कारोंबार चल रहा है इस गोरख धंधे में युवक महिलाओं के साथ ही छोटे बच्चें भी अब शामिल देखें जा रहे है? इन मादक पदार्थो का कारोबार बढनें से कई युवाओं की जिंदगी नशें के चपेट में आ चुकी है। मगर सालीचौका क्षेत्र को लेकर जो बात कही जाती है कि इस क्षेत्र में पदस्थ होने के लिए वर्दीधारी उच्चस्तर से जोर लगाते है कि उन्हें क्षेत्र की बागडोर मिल जावे, यदि उनके जिम्मे यह क्षेत्र हो जाता है तो यह महसूस होने से नही चूक पाता है कि मानो उनकी पांचों अंगुली घी में होती है? इस बात की सच्चाई इस समय देखने को मिल रही है जिस प्रकार क्षेत्र में मादक पदार्थो बिक्री हो रही है उसी तरह से अनेक गांवों में सट्टे का अवैध कारोबार में चलने की चर्चाये भी जोारो पर सुनाईदेने से नही चूक पा रही है? यदि उच्चाधिकारियों द्वारा समय रहते इस ओर ध्यान नही दिया तो स्थिति कन्ट्रोल से बाहर होने में कोई कसर नही रहेगी।

## बसेडिया की समाज सेवा के क्षेत्र में अनूठी पहल, गुड़ चना युक्त प्याऊ का शरबद वितरण के साथ किया गया समापन, दो माह तक आमजन को मिलता रहा ठंडा जल







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस व्यक्ति में समाज सेवा करने का जूनन सबार होता है वह भले ही अनेक प्रकार की परेशारियों से जूझता रहे मगर दूसरों के लिये अपने जेब से पैसा खर्च करते हुये बगैर दिखावे के सदा ही लगा रहता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समाजसेवी मुकेश बसेड़यिा में देखने मिल रही है जिनके द्वारा जहां गरीबों की सेवा करने के लिये पहुंच विहीन मार्गो पर अपनी मोटर साईकिल मे कपड़ो सहित खाने पीने की सामग्री लेकर जंगल क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें तेज गर्मी का मौसम हो या फिर ठंड का सामग्री पहुंचाने में कसर नही छोड़ते है तो दूसरी ओर जब नगर में आम लोगों के लिये यदि शासन प्रशासन का हो या फिर किसी निजी संस्था का कैम्प अपना योगदान देने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये गर्मी के दिनों में उस समय देखने मिली जब नगर में भीषण गर्मी के दौरान जब लोग नगर में ठंडे पानी के लिये तरसते हुये देखे जा रहे थे उस दौरान समाज सेवी मुकेश बसेडिया द्वारा सत्तू अमावस्या के पावन अवसर पर नगर के उत्सव भवन के पास चना गुड युक्त प्याऊ का शुभारंभ बडे ही धूमधाम के साथ सत्तू वितरण करते हुये किया गया था। इतना ही नही यहां पर रखे गये ठंडे मटको में पानी भरने से लेकर डिब्बो में रखे हुये गुड चुना की व्यवस्था बनाने के लिये खुद सुबह 9 बजे प्रतिदिन चिंता के साथ प्याऊ स्थल पर खड़े हुये देखे जाते थें। इस प्रकार से नगर के इतिहास में बीते हुये कई सालों से गुड चुना युक्त प्याऊ संपूर्ण जिले में चर्चा का विषय बन चुकी थी तो दूसरी ओर इस तरह की प्याऊ को लेकर बसेडिया का कहना था कि जब भीषण सूरज के तबन के बीच कोई व्यक्ति प्यास से ब्याकुल होता है और ठंडा पानी पीता है तो उसके पेट में दर्द होने की स्थिति बन जाती है। इसी सोच के चलते प्याऊ स्थल पर गुड चना रखे गये है कि पहले प्यास व्यक्ति गुड चना का सेवन करे और ठंडा पानी पीये। क्योंकि भूखे को भोजन व प्यासे को पानी पिलाना शास्त्रों में सर्व श्रेष्ण सेवा मानी गई है। मगर इसके बाद देखा कि जब लोगों को ठंड पानी की जरूरत महसूस नही हो रही है तो उनके द्वारा इस अनोखी प्याऊ का समापन भी लोगों का मुंह मीठा करते हुये पूर्ण विधि विधान के साथ किया गया है। इस तरह सतुबाई अमावस्या से शुरू हुई इस प्याऊ का समापन शनिवार को जेष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर शरबद का वितरण करते हुये किया गया। इस मौके पर सबसे पहले पं. कपिल शास्त्री ने माँ विजयासन व वरुण देवता का पूजन अर्चन करने के बाद बसेडिया द्वारा कन्याओं के पैर पखारते हुये उन्हें पाठन सामग्री तथा वृद्व दिव्यांगजनों को वस्9 वितरण करते हुये किया गया। वही प्याऊ समापन के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कन्याओं के पद पखार कर उन्हें वस्त्र , पठन लेखन सामग्री प्रदान कर आशीर्वाद लिया वृद्व व दिव्यांगजनो को वस्त्र भेंट किये गये। वही इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी मिनेंद्र डागा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत महेश रघुबंशी के आलवा राजेश पटेल, प्रदीप कौरव रेवाश्री वुक्स, रजनीश कौरव, मनोज शर्मा, रवि खचांजी, अजय खत्री सहित अन्य लोग मौजूद थें। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मिनेन्द्र डागा ने बसेडिया द्वारा कि जा रही समाजसेवा की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी सेवा कार्य को प्रारंभ करना सरल है पर अनेक वर्षो तक अनवरत संचालन करना अनुकरणीय होता है, हमने ही 2014 में मां विजयासन इंस्टिट्यूट में इस गुड़ चना युक्त प्याऊ का प्रथम बार शुभारंभ किया था। ज्ञात हो कि बीते हुये विगत दो माह से जल सेवा व गुड चना को नियमित रखने वाली माँ विजयासन इंस्टीट्यूट की बेटियां आरती कहार, आरती ठाकुर, कीर्ती विश्वकर्मा, मोहनी कहार ,शिवानी मालवीय, अंकिता श्रीवास्तव, तनुश्री बसेडिया के साथ जल सेवा में विशिष्ट सेवा देने वाले घन श्याम पाली, सुनील, रुद्रांश शर्मा, प्रिंन्स बसेडिया, भारत भूषण तिवारी, नीरज कौरव को वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया तथा जल सेवा में सहयोगी रहे रेवाश्री बुक्स के संचालक प्रदीप कौरव व रजनीश कौरव को श्री राम वस्त्र व श्री राम दरबार से सम्मानित किया 2014 से प्रतिवर्ष वैशाख माह की सतुआई अमावश्या से गुड चना के साथ ज्येष्ठ पूर्णिमा तक गुड़ चना युक्त जल सेवा तक दो माह भीषण गर्मी अनवरत चलती है ,जहाँ राहगीरों के अलावा आस पास डॉक्टर्स क्लिनिक होने मरीजो व रविवार में आदिवासी जो बाजार करने आते है उनके लिए गुड़ चना युक्त जल सेवा विशेष उपयोगी रहती है। इस मौके पर बसेडिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माँ विजयासन व श्री दादाजी की असीम कृपा से सभी सेवाकार्य संचालित होते है ,हम तो निमित्त मात्र है।

## नहीं हो रहा है जिला कलेक्टर के मत्स्याखेट आदेश का पालन, खुलेआम जहां तहां दिखाई दे रही मछली



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भले ही नगर पालिका द्वारा मांस मछली विक्रय करने के लिये जगह निर्धारित की गई है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा नगर में जहां तहां खुलेआम मांस मछली का विक्रय करते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते नगर का वातावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचने से नही चूक रही है? इस प्रकार से मांस मछली विक्रय करने वालो की मनमानी पर अंकुश न लग पाना नपा प्रशासन की उदासीन कार्य प्रणाली सहित पुलिस प्रशासन की उदासीनता को भी उजागार करने से नही चूक रहा है? तो दूसरी ओर जिला कलेक्टर के मत्स्याखेट प्रतिबंध आदेश का पालन होते हुये दिखाई नही पड़ रहा है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये 15 जून को जिला कलेक्टर द्वारा आदेश जारी करते हुये 16 जून से 15 अगस्त तक के लिये मत्स्याखेट पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाया गया है जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि 16 जून से 15 अगस्त 2022 तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। क्योंकि इस अवधि में जलाशय तालाब, नदी व नालों में प्रतिबंधित करते हुये मत्सय प्रजनन होने से प्रतिबंध लगाया गया है। मगर इसका पालन होते कही दिखाई नही दे रहा है और बाजारों में खुलेआम मछली विक्रय होते हुये देखी जा रही है। इस प्रकार से नगर में धडल्ले से जहां तहां हो रहे मांस मछली के विक्रय से नगर में गंदगी फैलने के साथ साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचने से भी नही चूक रही है? क्योंकि इस प्रकार से मांस मछली सहित अंडे का व्यापार करने वाले लोगों द्वारा तो नगर के मंदिरों का ध्यान रखा जा रहा है और नही शिक्षण संस्थाओं का जिसके चलते लोगों में इस प्रकार से खुलेआम बिक रहे मांस मछली के विक्रय को लेकर आक्रोश देखने मिल रहा है? इस प्रकार से धडल्ले से विक्रय होने वाले मांस मछली की सच्चाई इस समय नगर की पानी टंकी सहित सहित अन्य स्थानों पर देखने मिल रही है, बताया जाता है कि पानी टंकी के पास जहां नगर का एक मात्र गायत्री मंदिर स्थित है वही हनुमान मंदिर के साथ साथ शिक्षण संस्था भी स्थापित है। मगर इसके बाद भी यहां पर प्रतिदिन शाम के वक्त जहां खुलेआम मछली विक्रय होते हुये देखी जा रही है वही अनेक मांस की दुकाने भी संचालित हो रही है। इस स्थिति में जब कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो उसे सबसे पहले इस प्रकार से विक्रय होने वाली मांस व मछली पर नजर पड़ते हुये उसकी धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही है। इस प्रकार खुलेआम विक्रय होने वाले मांस व मछली के चलते घृडा का शिकार होते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के पलोटन गंज जाने वाले मार्ग पर देखी जा रही है जहां हनुमान मंदिर व आचार्य मंदिर से चंद कदम दूरी पर खुलेआम बिरयानी विक्रय का वोर्ड अपनी शोभा बढ़ाने से नही चूक रहा है। यही हाल नगर के अन्य स्थानों पर भी देखने मिल रहा ह।




## नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय न होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**हरिभूमि न्यूज/नांदनेर।** जहां एक ओर सरकार द्वारा गांव गांव अपनी जनराशि करते हुए विकास कार्य कराये जा रहे है, मगर कहा जाता है कि वह विकाय का कार्य सही कहलाता है जिसकी लोगों को उपयोगता होती है और यदि वही विकास कार्य नही होता है तो संपूर्ण विकास कार्यो पर प्रश्न चिन्हें लग जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम पंचायत नांदनेर में देखने मिल रही है, जहां पर बताया जाता है कि हायर सेकेण्डरी स्कूल होने के साथ साथ सेवा सहकारी समिति सहित अन्य सुविधाएं तो गांव में उपलब्ध है, मगर यहां पर यात्री प्रतिक्षालय नही होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि ग्राम नांदनेर गाडरवारा पिपरिया मुख्य मार्ग पर स्थिति होने के कारण यहां से सभी प्रकार के वाहनों का निकलना होता है, वही यहां पर अपनी यात्रा करने के लिए इस मार्ग से चलने वाली बसों को पकड़ने के लिए प्रतिदिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम झांझनखेड़ा, मिढ़वानी, देवरी, दहलवाड़ा, छोटी बनखेड़ी सहित अन्य गांवों के लोगों का आना जाना भी रहता है। मगर यात्री प्रतीक्षालय न होने से उन्हे जहां बारिश के दिनों में गिरते हुये पानी तो गर्मी के दिनों में तेज तपती हुई धूप में खड़े होकर बसो का इंतजार करने मजबूर होना पड़ता है वही चाय पान दुकानों का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो सबसे अधिक परेशानी का सामना तो महिला यात्रियों के साथ मरीजों को करना पड़ती है। क्योंकि बैठने की व्यवस्था नही होने से जहां बसों के इंतजार में मरीजों को काफी समय तक खडे रहना पड़ता है। वही सड़क किनारे खड़े होने से महिलायात्रियों को असामाजिक तत्वों के छीटाकशी का शिकार होकर अपमानित होना पड़ता है? इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्रामवासियों के साथ साथ आस पास के ग्रामवासियों द्वारा बस यात्रियों की परेशानी के मद्देनजर नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण की दिशा में पहल करने के क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से गुहार लगायी है।

## खबर संक्षेप

### मेंहदवानी पुलिस ने फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**मेंहदवानी।** पुलिस थाना प्रभारी मेंहदवानी एस एस उसराठे के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम द्वारा विगत दो वर्षों से फरार स्थाई वारंटी रिंका यादव पिता टूलसाय यादव निवासी ग्राम मुनगा टोला को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में सहा उपनिरीक्षक शशांक श्रीवास्तव एवं प्रधान आरक्षक कमलेश भवेदी के द्वारा फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**मेंहदवानी।** शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी में शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 7 बजे से योगासन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी के मार्गदर्शन में डॉ गौरी सिंह परते राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक, डॉ शशिकांत चंदेला, डॉ सुरेश प्रसाद पाण्डेय, सुश्री माया कनासे, श्रीमती सुंदरवती यहके, श्रीमती संध्या सिंह, श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित हुए। जिससे मुख्य रूप से श्रीमती सुंदरवती यहके एवं श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव ने योगासन कराया जिनमें सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान आशन, प्रत्याहार, समाधी, समाधी योग, षडंग योग, धारणा आसन आदि योग की गई, सभी योगासन करने वाले स्फूर्ति महसूस किए योगासन का महत्व भी समझे सभी सम्माननीय अधिकारी कर्मचारियों ने अपने दैनिक जीवन में भी योग करने का संकल्प लिया जो जीवन के लिए अति महत्त्वपूर्ण लाभदायक होगी।

### जन अभियान परिषद द्वारा किया गया वृक्षारोपण



**डिंडौरी।** जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत झांकी माल में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समनापुर के सामाजिक समरसता सेवा समिति झांकी रैयत के तत्वाधान में माध्यमिक विद्यालय झांकी के सामने स्थित तालाब में वृक्षारोपण किया गया है।यह वृक्षारोपण ग्राम पंचायत सरपंच गणेश मार्को की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया है। सामाजिक समरसता सेवा समिति झांकी रैयत के अध्यक्ष द्वारा ग्राम के ग्राम जनों को पर्यावरण संरक्षण अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति 10 - 10 पौधों का रोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच गणेश सिंह मार्को, सामाजिक समरसता सेवा समिति झांकी रैयत के अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव, ग्राम के बुधराम सिंह तिलगाम , सुनील यादव , लाल सिंह तिलगाम , फुंदी सिंह , मोती सिंह तिलगाम आदि शामिल रहे।

### महिला की धारधार हथियार से हत्या कर भागने के फिराक में था आरोपी



**डिंडौरी।** दिनांक 22 जून को सूचनाकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी जिसकी शादी पिछले साल माह मार्च में ग्राम भमरहा जिला अनुपपुर में हुई थी,शादी के बाद रेखाबाई 8 दिन रूकने के बाद अपने मायके ग्राम कलगीटोला आ गई और मायके में ही रह रही थी, तथा पड़ोस गांव ग्राम भीठीटोला (पाकरबघर्रा) के कोमल कुशराम से फोन पर बात चीत होने लगी और कोमल कुशराम के साथ शादी करने वाली थी। लेकिन कोमल कुशराम लड़की रेखा बाई के चरित्र में शंका करते हुए झगड़ा बिवाद करता था । दिनांक 21-22 जून 2024 की दरम्यिानी रात्रि में कोमल कुशराम ने लड़की के चरित्र पर शंका कर धारदार चाकू से शरीर में कई जगह वार कर हत्या कर फरार हो गया है ।

### लोकसेवा आयोग की परीक्षा संपन्न, 1018 उपस्थित, 403 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

# 4 परीक्षा केन्द्रों में सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न

मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए दिनांक 23 जून 2024 को राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को जिले के 4 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।






जिला परीक्षा प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक ने बताया कि राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 की प्रथम परीक्षा में इस प्रकार केन्द्रवार अभ्यार्थी 1-शा. एकलव्य विद्यालय डिण्डौरी में कुल 350 उपस्थित 250 अनपस्थित 100, 2-शा. उत्कृष्ट उमावि डिण्डौरी कुल 400 उपस्थित 287 अनुपस्थित 113, 3-शा. चन्द्रविजय कॉलेज डिण्डौरी कुल 400 उपस्थित 284 अनुपस्थित 116, मेकलसुता महाविद्यालय डिण्डौरी कुल 279 उपस्थित 205 अनुपस्थित 74 इस प्रकार कुल 1429 उपस्थित 1026 अनुपस्थित 403 रहे। इसी प्रकार द्वितीय पेपर 2:15 से 4:15 तक रहा जिसमें अभ्यार्थियों की जानकारी केन्द्रवार

शा. एकलव्य विद्यालय डिण्डौरी में कुल 350 उपस्थित 248 अनपस्थित 102, 2-शा. उत्कृष्ट उमावि डिण्डौरी कुल 400 उपस्थित 285 अनुपस्थित 115, 3-शा. चन्द्रविजय कॉलेज डिण्डौरी कुल 400 उपस्थित 285 अनुपस्थित 115, मेकलसुता महाविद्यालय डिण्डौरी कुल 279 उपस्थित 200 अनुपस्थित 79 इस प्रकार कुल 1429 उपस्थित 1018 अनुपस्थित 411 रहे। लोकसेवा आयोग की निर्देशों का पालन करते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों में उक्त परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई, जिसमें नारायण प्रसाद कुशराम सहा. अधीक्षक भू - अभिलेख , बृजभान मार्को राजस्व निरीक्षक कार्या. भू अभिलेख ., श्रीमती मंजू पट्टा, सहायक ग्रेड 3 कार्या., श्रीमती जूली कुशवाहा सहायक मनीष रावत, भृत्य की ड्यूटी लगाई गई थी।

इसी प्रकार से श्री अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला को परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी और शासकीय एकलव्य हा.से. डिंडोरी का उड़नदस्ता प्रभारी व रामबाबू देवांगन एसडीएम को शासकीय चंद्रविजय कॉलेज डिंडोरी और मेकलसुता महाविद्यालय डिंडौरी का उड़नदस्ता प्रभारी नियुक्त किया गया था।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर दी श्रध्दाजंलि

# शारदा टेकरी में किया वृक्षारोपण





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के पर्याय महान शिक्षाविद् प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस के अवसर पर उनके तेलीय चित्र पर तिलक वंदन कर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्वासुमन अर्पित की। भारत एवं कश्मीर को मिलाने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहे तथा उनका कहना था कश्मीर मे परमिट नीति व दो विधान, दो प्रधान, एवं दो निशान जैसे देशविरोधी नीतियो का लगातार विरोध करते रहे। 23 जून 1953 को उनकी रहस्यमयी परिस्थितियों मे मृत्यु हो गई थी भाजपा इस दिन को बलिदान दिवस के रूप मे मनाती है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रवाद की संस्कृति और अस्मिता के भाव को लेकर अपना कार्य प्रांरभ किया। उनके कृतित्व व व्यक्तित्व के कारण ही आज भाजपा 20 करोड़ सदस्य की विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हर क्षेत्र मे नेतृत्व कर रहे है उसमे कहीं न कहीं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल जी की देन है। देश मे दो विधान,दो निशान,दो प्रधान नही चलेगा का नारा लगाकर डॉ. मुखर्जी ने इन नारो के साथ जम्मू कश्मीर मे परमिट के नियम को नकारते हुए आंदोलन किया। उन्होंने धारा 370 हटाने के लिए अपना बलिदान दिया।

कांग्रेस के हमेशा देश एवं समाज को बांटने का प्रयास किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति से धारा 370 हटाकर जम्मू कश्मीर को भारत के साथ विलय कराने का साहसिक कार्य किया है। उन्होंने जनसंघ से लेकर वर्तमान तक के इतिहास के बारे में कार्यकर्ताओं का बताया साथ ही। पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाशचंद जैन ने डॉ.मुखर्जी के पर प्रकाश डालते कहा कि डॉ. मुखर्जी स्वतंत्र भारत के पहले व्यक्ति थे जो देश की अखण्डता तथा सम्प्रभुता की रक्षा करने के लिए अमर शहीद हुए। हमारे पूर्वजो के त्याग और बलिदान से भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी है। मोदी जी ने जम्मू कश्मीर की समस्या से मुक्ति दिलाकर डॉ.मुखर्जी एवं पूर्वजों के सपनों को साकार करते हुए उन्हें सच्ची श्रृद्धांजली अर्पित की है। बैठक को सबोंधित करते हुए जिला महामंत्री राजेन्द्र पाठक ने बताया कि बिट्रिश शासन मे सूर्यास्त न हो ऐसी विदेशियो की मंशा रही है, इसी को लेकर विदेशी ताकते भारत के सभी कोने मे षडयंत्रपूर्वक भारत की अखण्डता को तोड़ने का सदैव प्रयास करती रही। यही प्रयास कश्मीर मे भी किया गया जिसका विरोध डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी ने किया। वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया ने बताया कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी का जन्म 06 जुलाई 1901 को कलकत्ता के एक समृद्व परिवार मे हुआ उनके पिता का नाम आशुतोष मुखर्जी था जो बंगाल मे एक शिक्षाविद् और बुद्विजीवी के रूप मे जाने जाते थे सिर्फ 33 वर्ष के उम्र मे कलकत्ता युनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बनें। जिला उपाध्यक्ष सुशीला मार्को ने बताया कि डॉ. मुखर्जी जी ने मुल्यो और सिद्वांतों की राजनीति अपनाया डॉ. मुखर्जी का अभियान लगातार भारत की एकता और अखण्डता के लिए प्रयास करते हुए निकला हम सभी उन्हें नमन करते है। मंच का संचालन जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन व आभार डिम्पल दीक्षित ने किया। कार्यक्रम के पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम अंतर्गत मॉ शारदा टेकरी वार्ड नं. 01 में सभी पदाधिकारियों ने वृक्षारोपड़ किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री जयसिंह मरावी, जिला उपाध्यक्ष महेश सिंह पाराशर, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश धुमकेती, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष परसराम नागेश, पि.वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष दशरथ सिंह राठौर, मण्डल मंत्री नीलू जैन, अविनाश सिंह सैनी, राज साहू, कुंवरिया मरावी, मण्डल महामंत्री व पार्षद भागीरथ उरैती, शत्रुघन पाराशर, महेन्द्र दाहिया, धनेश धनंजय, दुर्गेश जोगी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहें।



## जिले में 23 जून से 25 जून तक संचालित होगा पल्स पोलियो अभियान

**डिंडौरी ।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में 0 माह से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो दिवस पर जिले के सभी समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 29, आरोग्य केन्द्र 219,आंगनवाडी केन्द्रों पर इस प्रकार अमरपुर में 9005, बजाग 10384,डिण्डौरी 18709, करंजिया 10528, मेंहदवानी 10025,समनापुर 10501, शहपुरा 16301 कुल 85453 जिले में चिन्हीत किये गये हैं। आज दिनांक 23 जून को 45348 शाम 5 बजे तक बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई गई। जिले में 23 से 25 जून 2024 को टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 0 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान की तैयारियों एवं सफल क्रियान्वयन के संबंध में एसडीएम रामबाबू देवांगन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग को महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही समस्त बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाने के निर्देश दिये गए हैं। एडीएम श्री देवांगन द्वारा बूथ करेज बढाने के लिये कार्ययोजना में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। डब्ल्यु.एच.ओ. एन.पी.एस.पी. यूनिट जबलपुर के एस.एम.ओ. डॉ जलज खरे के द्वारा बताया गया कि भारत को वर्ष 2014 में पोलियो मुक्त देश का प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है परन्तु पडोसी देशों में पोलियो वायरस अभी भी मौजूद है और आवागमन के कारण खतरा बना रहता है। इस वर्ष 19 जून तक पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में 11 बच्चों को पोलियो हुआ है। इसीलिए सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक चक्र में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश सिंह मरावी ने जानकारी दी है कि समस्त विकासखण्ड में टीकाकरण दल को चिन्हित कर उनका प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ आर. के. डोंगरे के जानकारी दी है कि इस अभियान के लिये कुल 884 टीम का गठन किया गया है। पोलियो से सुरक्षा के लिये 0 से 5 वर्ष के बच्चों को अभियान के प्रथम दिवस दिनांक 23 जून 2024 को बूथ में वैक्सीन पिलाई जाएगी। इसके बाद 24 एवं 25 जून 2024 को टीकाकरण दल द्वारा घर-घर जाकर वैक्सीन पिलाई जाएगी।

### करंजिया क्षेत्र बाहरपुर में बिजली आपूर्ति बाधित,15 दिन से पीटीआर ना होने के चलते ग्रामीण परेशान



## बैगाचक में बिजली विभाग के कर्मचारियों पर 100-100 रूपए लेकर लाईट बनाने का आरोप

**डिंडौरी।** जिले के करंजिया क्षेत्र अंतर्गत बैगाचक में पिछले 2 दिन से लगातार बिजली आपूर्ति बाधित है, हालांकि पिछले 15 दिनों से क्षेत्र के लोग बिजली की समस्या से हलाकान है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में बाहरपुर में बिजली विभाग द्वारा पावरहाउस बनाया गया है जहां से बैगाचक के 15-20 गांव की बिजली आपूर्ति होती है। वहां का पीटीआर ट्रांसफार्मर विभागीय अमले द्वारा कुछ दिनों पूर्व मनमानी पूर्वक ले गए और दूसरा पीटीआर ट्रांसफार्मर लाना तथा लगाना भूल गए। आनन फानन में विभागीय अमले द्वारा क्षेत्र की बिजली डायरेक्ट रूसा से बहाल कर दी पर लोड बढ़ने के चलते बार बार लाइट फाल्ट आना शुरू हो गया। वहीं लगातार क्षेत्र में बिजली की भारी समस्या का सामना लोगों को करना पड़ रहा है जबकि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा मुश्किल समय का फायदा उठाकर लोगों को लाईट बनाने के नाम पर वसूली शुरू कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय कर्मचारियों द्वारा ट्रांसफार्मर में सुधार कार्य के लिए 100-100 रूपए चंदा करके देने पर ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम शुरू होने के चलते रात में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है वहीं अब रात में उजाला के लिए मिट्टी तेल (केरोसिन) भी नहीं मिलता जिसके चलते रात को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर में लकड़ी बांधकर तार में करंट लगाया जाता है, जिससे करंट लगने की आशंका बनी रहती है। इसलिए शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि लाईट की समस्या से निजात दिलाए।

#### इनका कहना है

गांव में 15 दिनों से बिजली कटौती के चलते भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्र में 15 गांव के लोग लाईट बंद से परेशान हैं बार बार लाईट आती जाती है पिछले दो से लगातार बिजली बंद है

**शिवचरण मरकाम, ग्रामीण**

## सिरफिरे युवक ने बंदूक से हमला कर पड़ोसी की कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार





### पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम कोंड़ाझिर का मामला

### गुस्साये ग्रामीणों ने आरोपी को पीटा, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।

पुलिस थाना मेंहदवानी अन्तर्गत ग्राम कोंड़ाझिर में शनिवार की रात्रि लगभग 10 बजे एक सिरफिरे युवक रामदयाल पिता बारे लाल उम्र लगभग 40 वर्ष ने गांव के ही एक अधेड़ का भरमार बंदूक से सीना छलनी कर दिया जिससे अधेड़ सूबेदार पिता छतरसिंह उम्र लगभग 55 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक अपने पुत्र को परेशान करता था और उसके अंकसूची सहित अन्य दस्तावेजों को आग में जला दिया था जिससे नाराज पुत्र मृतक के घर रह रहा था। घटना वाले दिन आरोपी युवक अपने पुत्र से फिर विवाद कर रहा था जहां मृतक बीच बचाव करने गया था जिससे आक्रोशित होकर आरोपी युवक ने भरमार बंदूक से सीना छलनी कर दिया।

#### गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

पिता पुत्र के बीच चल रहे विवाद के चलते लोगों को नींद नहीं आ रही थी और उसी दरमियान बंदूक की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंच गए, जहां खून से लथपथ अधेड़ का शव देखकर लोग आक्रोशित हो गए और आरोपी युवक को पकड़कर जमकर धुनाई कर दिया गया इसके बाद पुलिस डायल 100 को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी श्याम सुन्दर उसराठे ने घटना की जानकारी लगते ही सहा उपनिरीक्षक शशांक श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस बल को मौके पर भेजा गया जहां पंचनामा की कार्यवाही कर शव को मेंहदवानी मर्चुरी पहुंचाया गया। रविवार को मेंहदवानी में डॉक्टर नहीं होने के कारण शव को शहपुरा लेकर जाना पड़ा जहां शव परीक्षण उपरांत अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं आरोपी युवक को शनिवार की रात्रि घायलावस्था में लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में लाकर भर्ती कराया गया था जिसे उपचार के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

#### खून से रंग गई दीवार

घटना के बाद घटनास्थल में घर की दीवार खून से रंग गया और जमीन पर खून ही खून नजर आ रहा था। वीभत्स घटना का नजारा देख लोग दहल गए और आरोपी की पिटाई कर दी और पुलिस के आने तक पकड़कर रखा।

#### अवैध था भरमार बंदूक पुलिस ने किया जब्त

पुलिस से मिली जानकारी के आरोपी ने जिस भरमार बंदूक से अधेड़ को मौत के घाट उतारा था वह अवैध था और उसका लायसेंस नहीं था। मेंहदवानी पुलिस ने आरोपी से भरमार बंदूक जब्त कर लिया है और आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 302 आईपीसी,25,27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा संपन्न

# 599 परीक्षार्थियों ने परीक्षा के पूर्व व 130 ने पहली पारी में मानी हार

**नरसिंहपुर।** रविवार को जिला मुख्यालय पर राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा एवं राज्य वन सेवा परीक्षा की परीक्षा जिला मुख्यालय में 5 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई । उक्त परीक्षा जिसमे पी जी कालेज, उत्कृष्ट विद्यालय, एम एल बी, नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गर्ल्स कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज नरसिंहपुर मे आयोजित की गई जिसमें 599 परीक्षार्थियों ने परीक्षा के पूर्व ही हार मान ली वही 130 परीक्षार्थी पहली पारी मे ही हार मान कर वापिस हो गये। उक्त परीक्षा मे 2161 परीक्षार्थी परीक्षा मे शामिल होने थे ।





### प्रथम पाली में 708 अनुपस्थित

मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2024 का आयोजन 23 जून को प्रात 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक दो सत्रों में आयोजित की गई। यह परीक्षा जिले के पांच परीक्षा केंद्रों में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में संपन्न हुई। सभी पांच परीक्षा केंद्रों पर प्रथम सत्र में 2161 अभ्यर्थी में से 1562 उपस्थित व 599 अनुपस्थित और द्वितीय सत्र में 2161 अभ्यर्थी में से 1532 उपस्थित व 629 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### ये रहे आंकड़े

प्रथम सत्र की परीक्षा में शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर के परीक्षा केंद्र में 300 अभ्यर्थी में से 211 उपस्थित व 89 अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय सत्र में 204 उपस्थित व 96 अनुपस्थित रहे। शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक शाला नरसिंहपुर के परीक्षा केंद्र में प्रथम सत्र में 350 अभ्यर्थी में से 260 उपस्थित व 90 अनुपस्थित और द्वितीय सत्र में 350 अभ्यर्थी में से 256 उपस्थित व 94 अनुपस्थित रहे। शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर के परीक्षा केंद्र में प्रथम सत्र में 450 अभ्यर्थी में से 330 उपस्थित व 120 अनुपस्थित और द्वितीय सत्र में 450 में से 322 उपस्थित व 128 अनुपस्थित रहे। शासकीय एमएलबी कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर के परीक्षा केंद्र में प्रथम चरण में 500 अभ्यर्थी में से 357 उपस्थित व 143 अनुपस्थित और द्वतीय सत्र में 500 अभ्यर्थी में से 352 उपस्थित व 148 अनुपस्थित रहे। शासकीय पीजी कालेज नरसिंहपुर के परीक्षा केंद्र में प्रथम सत्र में 561 अभ्यर्थी में से 404 उपस्थित व 157 अनुपस्थित और द्वितीय सत्र में 561 अभ्यर्थी में से 398 उपस्थित व 163 अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्रीय पर्यवेक्षक, पर्यवेक्षकों, परीक्षा केंद्र अध्यक्ष, पर्यवेक्षक की उपस्थिति में परीक्षा आयोग के नियमानुसार विधिवत संपन्न हुई।

599 परीक्षार्थियों पहले पेपर मे ही मान ली हार राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की प्रथम पारी के पूर्व ही 599 परीक्षार्थी परीक्षा के पूर्व ही हार मान चुके थे और 130 परीक्षार्थियों ने परीक्षा की पहली पारी मे शामिल होने के बाद दूसरी पारी हार मान ली। प्रशासन द्वारा परीक्षा उपरांत संकलन केंद्र जिला कोषालय में परीक्षा गोपनीय सामग्री सभी केंद्र अध्यक्ष द्वारा जमा की गई। केंद्राध्यक्ष आर के श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिला प्रशासन के निर्देशन में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

## भाजपा द्वारा मनाया गया डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस

**नरसिंहपुर।** रविवार को भाजपा कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया । इस अवसर पर कार्यालय में स्थापित पं. दीनदयाल उपाध्याय व श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर नमन किया तत्पश्चात आयोजित संगोष्ठि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी का आज बलिदान दिवस है सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश की पूरी रियासतो को एक साथ जोड़ा वही दूसरी ओर कांग्रेस ने अपनी स्वार्थ सिद्धी हेतु कुछ लोगो के दबाव में कश्मीर में मनमाना समझौता कर इसे अखण्ड भारत का हिस्सा नही बना पाए और कश्मीर व भारत के अन्य राज्यों हेतु अलग अलग नियम बनाए। इस कृत्य का विरोध स्वतंत्र भारत में सबसे पहले डॉ. मुखर्जी द्वारा किया गया। जिन्होंने कश्मीर से विरोधाभासी नियमों की समाप्ति हेतु लंबा संघर्ष करते हुए मंत्री पद से इस्तीफा दिया और एक देश में दो निशान दो प्रधान का विरोध करते हुए इस नारे को बुलंद किया उनका यह सपना जीते जी तो पूरा नही हो पाया मगर आजादी के 70 साल बाद देश के यश्स्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2019 में संसद में संविधान की धारा 370 व 35 ए को समाप्त कर स्वर्गीय मुखर्जी जी को अपनी सच्ची श्रद्धांजली अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ने कहा कि तत्कालीन नेहरू सरकार में उद्योग मंत्री रहते हुए उन्होने अपने पद प्रतिष्ठा की चिंता न करते हुए सरकार से अपना त्यागपत्र दिया और संपूर्ण भारत में काश्मीर के मुददे पर क्रांति खड़ी करी। उन्होने जनसंघ की स्थापना के समय विचारधारा का जो बीज बोया था वह विचारधारा प्रत्येक कार्यकर्ता के मन में समाहित है और आज भारतीय जनता पार्टी जिस वट वृक्ष के रूप स्थापित है उसका श्रेय डॉ.मुखर्जी को ही जाता है। आज मोदी जी ने उनके सपने को साकार किया जिसके फल स्वरूप कश्मीर का नागरिक भारतीय नागरिक है और कोई भी भारतवास वहां जाकर बस सकता है, व्यापार कर सकता है। डॉ. श्यामा प्रसाद जी का यही व्यक्तित्व भारतीय समाज में उन्हें युग पुरूष के रूप में स्थापित करता है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अभिवन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष रमाकांत चैबे ने व आभार नगरपालिका अध्यक्ष पं.नीरज महाराज ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, जिला कोशाध्यक्ष नीलकमल जैन, कार्यालय मंत्री कमल सिंह जाट, शिशिरचरण दुबे, मुन्नालाल सराठे सहित बड़ी संख्या में कार्यकतागण उपस्थित रहे।



## श्री गणेश देवस्थानम में शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा नेत्र शिविर 30 को



**नरसिंहपुर।** स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरिटेबल ट्रस्ट से संचालित शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में 30 जून रविवार को निरूशुल्क नेत्र जांच व परामर्श शिविर का आयोजन है। आयोजन के प्रमुख सूत्रधार सुशान्त पुरोहित ने बताया की श्री द्वारका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती की प्रेरणा से सिद्धपीठ के संस्थापक स्व. कृष्ण कुमार जी पुरोहित की पुण्य स्मृति में होगा। सुबह 9:30 बजे से रजिस्ट्रेशन होगें और क्रम के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा जांच भी शुरू हो जाएगी जो शाम 6 बजे तक चलेगीं। मोतियाबिन्द पाए जाने पर नेत्रालय द्वारा मरीजों को निःशुल्क बस सेवा से झोतेश्वर अस्पताल ले जाकर उपचार व आपरेशन किया जाएगा। मरीजों से आधार कार्ड की फोटोकॉपी व मोबाइल नंबर लेकर आने की अपील की गई है। शिविर में शुगर और बीपी की जांच भी आगंतुक इच्छुक लोगों की की जाएगी। क्षेत्रवासियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

## एकल अभियान अंचल का शुभारंभ



**नरसिंहपुर।** रविवार को एकल अभियान अंचल में महाकौशल संभाग का निपुण वर्ग का शुभारंभ किया गया । जिसमें अंचल समिति से अंचल अध्यक्ष कुलदीप सलूजा अंचल सचिव आशुतोष वर्मा अंचल कोषाध्यक्ष प्रशांत तिवारी अंचल की मां श्रीमती उजाला नारोलिया संच करकबेल से गिरिश पटेल संच सिंहपुर से सूर्य प्रकाश स्वामी संभाग प्रमुख रामस्वरूप नागेश संभाग प्राथमिक शिक्षा प्रमुख स्वप्निल दुबे अंचल अभियान प्रमुख ओमप्रकाश मरावी एवं संभाग की टोली 16 अंचलों से आए हुए कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे जिसका उदघाटन करते हुए अंचल समिति अध्यक्ष श्री सलूजा ने कहा की सभी 16 जिले से आए कार्यकर्ताओ को इसमें तीन दिन में बहुत विषय पर जानकारी दी जाएगी और उनको अपने जीवन में इस वर्ग से सीखा गया ज्ञान हमेशा काम आएगा और सभी कार्यकर्ताओं का भगवान नरसिंह की नगरी में स्वागत श्रीमती नारोलिया दीदी द्वारा किया गया ।

# विधायक, कलेक्टर व एसपी ने पिलाई पोलियो की खुराक



**नरसिंहपुर।** रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोटेगांव में विधायक महेन्द्र नागेश ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई। जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश बोहरे, सिविल सर्जन डॉ. मुकेश जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील पटैल ने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।






### तीन दिन तक चलेगा अभियान

जिले में यह अभियान 25 जून तक चलाया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षित टीम द्वारा बूथ, बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चैराहा, प्रायमरी स्कूलों, ऑगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर 5 वर्ष तक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर सुरक्षित करेंगे। एक भी बच्चा- एक भी परिवार न छूटे ऐसा प्रयास किया जा रहा है। मोबाईल दल घुमक्कड आबादी, बंजारा बस्ती, ईट भटटा, शुगर मिल, गुड भटटी, निर्माणधीन, मजदूर परिवार आदि सुदूर स्थलों में भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर सुरक्षित एवं स्वस्थ्य भविष्य दिलाने में नहीं चूके। इस कार्य में स्वप्रेरित सम्मिलित हों और 05 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दवा अवश्य पिलवायें। सीएमएचओ डॉ. राकेश बोहरे ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान 23 से 25 जून 2024 तक संचालित किया जायेगा। अभियान के सफल संचालन के लिए 1269 बूथ, 35 मोबाईल टीम, 66 ट्रांजिट टीम सहित कुल 1377 टीम बनाई गई हैं। अभियान के दौरान 166958 बच्चों को पोलियों दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया हैं।



### जिपं अध्यक्ष ने पिलाई दवा

विकासखंड नरसिंहपुर अंतर्गत राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये प्राथमिक स्वास्थ्य सिंहपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति निलेश ककोडिया ,जनपद अध्यक्ष शैलेंद्र राजपूत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश काकोडिया द्वारा उपस्थित 0-5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर किया गया एवं नागरिकों से अपील की गई की 5 बर्ष तक के सभी बच्चो को पोलिया दवा पिलाये । उक्त मौके पर जी पी भानारिया सीबीएमओ सहित अधिकारी कर्मचारी की उपस्थित रही।

### स्टेशन प्रबंधक ने पिलाई पोलियो खुराक

पल्स पोलियो अभियान के तहत रेल्वे स्टेशन नरसिंहपुर में स्टेशन प्रबंधक नरसिंहपुर सुनील जाट ने पोलियो की दवा बच्चो को पिलाई एवं स्टेशन पर उद्घोषणा करवाकर लोगो को प्रेरित किया कि वह अपने 05 साल तक के बच्चों को दबाई पिलवाये। उक्त मौके पर यात्रियों के साथ आने वाले सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई तथा परिजनों को उसका महत्व समझाया गया ।

## विधायक ने बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर किया शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा-** रविवार को विकासखण्ड चांवरपाठा के अंतर्गत पल्स पोलियों अभियान के तहत विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल द्वारा गृह ग्राम रीछा में बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर अभियान का श्री गणेश किया किया । विधायक श्री पटेल ने सभी क्षेत्र बासियो से बच्चो को अधिक से अधिक मात्रा में पोलियो की दबा पिलाने का आग्रह किया ।इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकिशोर पटेल विनोद प्रजापति सुश्री अर्चना जैन सरस्वती मेहरा एवं राकेश सिंह पटेल प्रशांत ठाकुर हिमांशु मिश्रा और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**तेंदूखेड़ा के 12बूथों पर 846 बच्चों को पिलाई पोलियो रोधी दवा**

पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 23 से 25 जून तक 0 से 5 वर्ष के बच्चो को पोलियो रोधी दवा पिलाने के अभियान के तहत प्रथम दिवस कुल 12बूथों पर 846बच्चों को दवा पिलाई गई।अब दूसरे और तीसरे दिवस बच्चों को घर घर जाकर दल द्वारा वेक्सीन पिलाई जायेगी।तेन्दूखेडा क्षेत्र मे 6 सेक्टर के अंतर्गत 52 बूथ एवं 3 मोबाइल ट्रांजिट बूथ द्वारा 5717 बच्चो को वैक्सीन पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के शुभारंभ के अवसर पल सीएचसी प्रभारी डा. दामोदर जाटव, सुपरवाइजर शफीक कुरैशी, राजकुमार विश्वकर्मा, श्रीमति निर्मला वरकडे , सुदेश शर्मा, मुकेश पांडे, नवीन पटेल, भागीरथ मेहरा, प्रशांत राय, प्रियंका साहू, अनीष बाल्मीक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### श्रीमती भारती पालीवाल बनी अध्यक्ष



**करेली।** सर्व ब्राह्मण सभा महिला कार्यकारिणी का गठन विप्र समाज के वरिष्ठ बाबूलाल दुबे ताराचंद्र पराशर चैबे एवं सर्वब्रम्हण समाज सभा के अध्यक्ष जगदीश मिश्र श्रीमिति श्रद्धा दुबे श्रीमती सुषमा देवलिया, श्रीमती सीमा आचार्य भारती शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति में हुआ जिसमें श्रीमती भारती (मधु) पालीवाल को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया साथ ही सर्व सम्मति से कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें उपाध्यक्ष विद्या मुद्गल, माया भरद्वाज, दीप्ति तिगनाथ, संजना शुक्ला, सचिव नीलू उपाध्याय, सुनीता पालीवाल सह सचिव प्रतिभा तिगनाथ कोषाध्यक्ष शशि शर्मा मीडिया प्रभारी सीमा पाठक संरक्षक सविता दुबे प्रीति मिश्रा उमा स्वामी रश्मि पालीवाल चैबे भाभी कार्यकारणी अनुराधा मिश्रा शोभा दिक्षित ममता दुबे ,मधु शास्त्री ,मधु शास्त्री सविता शुक्ला (सतीष शुक्ला),नीलिमा स्थापक संध्या पाठक, शिल्पी उपाध्याय मनीषा बिल्थरे नीतू आचार्य (अनिल आचार्य) उपमा कटारे का सर्व सम्मति से चयन किया गया । संस्कारित,धर्मनिष्ट गुरु भक्त परिवार की श्रीमती भारती पालीवाल के चयन पर नगर के विप्र जन मधु पालीवाल बसंत दुबे राजेन्द्र तिवारी आशीष दुबे, प्रह्लाद पाठक सतीश शुक्ला महेश देवलिया राजकुमार पाठक भागीरथ तिवारी संतोष शुक्ल, राजेश मिश्रा ,शुभम दुबे गजानन मिश्रा, आत्माराम शर्मा, रामाधार उपाध्याय, गोविंद दुबे पुनीत मिश्रा,सौरभ तिवारी आदि ने शुभकामना बधाई दी।

### जिले में अब तक 40.8 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** जिले में एक जून से 23 जून तक की अवधि में औसत रूप से कुल 40.8 मिमी अर्थात 1.61 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 23 जून की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 5.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 4 मिमी, गोटेगांव में 12 मिमी, करेली में 7 मिमी और तेंदूखेड़ा में 4 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जून तक तहसील नरसिंहपुर में 31 मिमी, गाडरवारा में 79 मिमी, गोटेगांव में 62 मिमी, करेली में 7 और तेन्दूखेड़ा में 25 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 12.20 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 7 मिमी, गाडरवारा में 2 मिमी, गोटेगांव में एक मिमी, करेली में 6 मिमी और तेन्दूखेड़ा में 45 मिमी वर्षा हुई थी।

### जपं सीईओ का किया स्वागत



**करेली।** विगत दिवस नवागत सी ई ओ राधेश्याम बारवे का पंचायत सचिव संगठन करेली के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। जनपद पंचायत करेली सचिव संगठन के अध्यक्ष हरिशंकर कौरव द्वारा पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात मिठाई खिलाई गई एवं आगामी समय में करेली जनपद को जिले में अग्रणी रखने का आश्वासन दिया गया प्रदेश सचिव संगठन के प्रदेश सचिव अशोक तिवारी सहित सचिव साथी भी उपस्थित रहे ।

## कृषि आधारित विषय की जरूरत

**तेंदूखेड़ा-** तेंदूखेड़ा क्षेत्र पूर्णतः कृषि पर आधारित क्षेत्र है। यहां का प्रत्येक वर्ग कृषि की पैदावार से ही अपनी जरुरतों की पूर्ति किया करते हैं। लेकिन सबसे बड़ी विसंगति यह बनीं हुई है कि यहां की शैक्षणिक संस्थाओं में कृषि आधारित विषय पढ़ने को नहीं मिलते। कृषकों का कहना है कि वर्तमान समय में खेती को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में विभिन्न प्रकार की आधुनिक पद्धति से खेती कराई जा रही है। यदि कृषक परिवारों को कृषि से संबंधित शिक्षा स्कूलों में मिलेगी तो निश्चित ही युवा छात्र कृषि को आधुनिक पद्धति से खेती करके उन्नतशील कृषक बन सकते हैं लेकिन पिछले कई वर्षों से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस दिशा में मांग किए जाने के बाबजूद भी आज तक किसी भी प्रकार की कोई उचित पहल नहीं की गई। गौरतलब रहे कि तेंदूखेड़ा के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में कहीं भी यह व्यवस्था नहीं है। और ना ही आस के स्कूलों में यह विषय पढ़ने को मिल पाते हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के कृषकों ने एक बार फिर तेंदूखेड़ा के शासकीय बालक विद्यालय में कृषि आधारित विषय बढ़ाये जाने की मांग की है।

## महिला मंडल द्वारा किया गया योग

**नरसिंहपुर।** योग दिवस पर महिला मंडल द्वारा योग किया गया । हम सभी जानते कि इस भागम भाग की जिंदगी में महिलाओं का ध्यान जहां एक ओर केवल अपने परिवार के लोगों के स्वास्थ्य पर केंद्रित होता है वहीं दूसरी ओर वह अपने स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी जागरूक नहीं होती हैं परंतु इस बार की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम जो की महिलाओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रखी गई इस थीम के माध्यम से महिलाएं ना कि केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होगी बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी इसके माध्यम से बढ़ावा मिलेगा क्योंकि एक महिला अपने परिवार की धुरी होती है और यदि वह स्वस्थ तो परिवार स्वस्थ और परिवार से समाज और समाज से स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना सफल हो सकेगी। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महिला पतंजलि योग समिति की पदाधिकारीयों द्वारा भी अवंती बाई आंगनबाड़ी केंद्र गली नंबर 2 में विशेष रूप से महिलाओं हेतु तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पतंजलि योग समिति की पदाधिकारीयों में जिला महामंत्री सुषमा मिश्रा तहसील महामंत्री मंजू श्रीवास्तव, सहयोग शिक्षिका नमिता कौरव द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया एवं योग प्राणायाम के साथ-साथ महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया अवंती बाई आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास की सभी मातृ शक्तियों ने इस शिविर का लाभ लिया।

